प्रेस समाचार

जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mpl@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

3 मार्च, 2006

अमेरिका ने भारत को एवियन फ्लू के परीक्षण हेतु महत्वपूर्ण रसायन (रीएजेंट) भेजा

नई दिल्ली -- स्वास्थ्य और विज्ञान के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की ओर एक कदम और बढ़ाते हुए अमेरिका ने मनुष्यों में एच5एन1 एवियन एन्फ्लूएंजा विषाणु के संक्रमण का शीघ्र और सही पता लगाने के लिए भारत को महत्वपूर्ण परीक्षण रसायन (रीएजेंट) प्रदान किया। इसकी घोषणा आज अमेरिकी दूतावास ने की।

27 फरवरी, 2006 को अमेरिकी दूतावास ने (**Real-Time Reverse Transcription--Polymerase Chain Reaction (RT-PCR) Primer and Probe Set)** परीक्षण रसायन (रीएजेंट) प्रदान किया है। यह रसायन अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) केंद्रों से भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को दिया गया है।

इस रसायन से मनुष्यों में एच5एन1 विषाणु संक्रमण का शीघ्र तथा सही पता लगाया जाएगा। अटलांटा से जहाज द्वारा भेजा गया रसायन 400 मनुष्यों में परीक्षण करने हेतु पर्याप्त है तथा 4 घंटे के अंदर परिणाम देने में सक्षम है।

***